**Sixteenth Loksabha**

an>

Title: Need to provide stoppage of Janshatabdi Express and South Bihar Express at Bilha Railway Station in Chhattisgarh.

**श्री लखन लाल साहू (बिलासपुर):** अध्यक्ष महोदया, मेरे निर्वाचन क्षेत्र बिलासपुर में बिलहा एक महत्वपूर्ण स्थान है जहां बहुत सारे व्यवसायिक और औद्योगिक कार्य संचालित होते हैं। …(व्यवधान) इसके साथ ही कृषि उपज भी बहुतायत मात्रा में होती है। इस स्थान से मुंबई हावड़ा रेल का संचालन होता है। छत्तीसगढ़ का हाई कोर्ट बिलहा से बहुत पास है। मैंने इसके पूर्व भी रेल मंत्री जी से निवेदन किया था कि बिलहा में जनशताब्दी एक्सप्रेस, 12101 और साउथ बिहार एक्सप्रेस 13287 का स्टॉपेज दिया जाए इसकी उन्होंने जांच भी कराई। इसके लिए आवश्यक मानदंड भी पूरी हो रही है। …(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से निवेदन करुंगा कि इस क्षेत्र की मांग की आवश्यकता को देखते हुए और लोगों की मांग की पूर्ति के लिए जनशताब्दी एक्सप्रेस और साउथ बिहार एक्सप्रेस को बिलहा में एक-दो मिनट का स्टॉपज दिया जाए। आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष:**

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री लखन लाल साहू द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री निनोंग इरिंग (अरुणाचल पूर्व):** अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से गृह मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। …(व्यवधान) 3 अगस्त, 2015 को नागा समझौता हुआ था, इसमें अरूणाचल प्रदेश के टैरिटरी के बारे में बोलना चाहता हूं। …(व्यवधान) तिराप, चांग लांगडिंग के पीड़ित लोग हैं वे लोग वहां शिक्षा और स्वास्थ्य से वंचित हैं। मॉन डिस्ट्रिक्ट और तिराप, चांग लांगडिंग के लिए …(व्यवधान)।

**12 19 hrs**

HON. SPEAKER: The House stands adjourned till 12.30 p.m.

*The Lok Sabha then adjourned till Thirty Minutes past*

*Twelve of the Clock.*

**<u>12 31 hrs</u>**

*The Lok Sabha reassembled at Thirty One Minutes past Twelve of the Clock.*

*(*Hon. Speaker *in the Chair)*

… (व्यवधान)

HON. SPEAKER: What do you want to say?

… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष:** बाकी सभी लोग बैठ जाइए।

…(<u>व्यवधान</u>)

HON. SPEAKER: Yes, Shri Ram Mohan Naidu, what do you want to say? आप लोग सुन लीजिए, मैं रोज-रोज इस तरह से प्लेकार्ड दिखाना अलाउ नहीं करूंगी।

… (*Interruptions*)